# सोनुभाऊ बसवंत कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, शहापुर, जि. ठाणे
## हिन्दी विभाग
## वार्षिक गतिविधियाँ
## 2024-25

महाविद्यालय के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो इस हेतु इस वर्ष हिन्दी विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया था। ये गतिविधियाँ निम्नांकित है-

❖ **मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर 'शुद्ध हिन्दी वाचन प्रतियोगिता' का आयोजन**

सोनुभाऊ बसवंत कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा 31 जुलाई 2024 को प्रात: 10.00 बजे मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर 'शुद्ध हिन्दी वाचन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को मुंशी प्रेमचंद के व्यक्तित्व और उनके कृतित्व से परिचित कराना था, साथ ही उन्हें हिन्दी साहित्य के महान लेखक के योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना था।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य और हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल सिंह ने मुंशी प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान को रेखांकित किया। डॉ. सिंह ने प्रेमचंद की रचनाओं के ग्रामीण समाज और सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि कैसे उनकी कहानियां आज भी समाज में व्याप्त विभिन्न मुद्दों को उजागर करती हैं।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रेमचंद के जीवन, उनके लेखन और उनकी कहानियों जैसे 'ईदगाह', 'ठाकुर का कुआं', आदि कहानियों का वाचन करते हुए उनके सामाजिक और मानवीय संदेशों पर चर्चा की।

कार्यक्रम की सफलता में उप-प्राचार्य डॉ. संतोष गायकवाड की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन में मार्गदर्शन किया और विद्यार्थियों को उत्साहित किया। उनके योगदान से कार्यक्रम का आयोजन सुचारू रूप से हुआ। इस 'शुद्ध हिन्दी वाचन' प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को मुंशी प्रेमचंद के साहित्य और उनके योगदान को गहराई से समझने का अवसर प्रदान किया।

*****************************